दिन–बुधवार दिनांक– 05/11/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 07:30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर मतदान कल। सुरक्षा के किये गये हैं व्यापक प्रबंध।

02 तीन करोड़ पहचहत्तर लाख से अधिक मतदाता एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का करेंगे फैसला।

03. पहले चरण के चुनाव में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत दांव पर।

04. और, दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। एनडीए और महागठबंधन के नेताओं और स्टार प्रचारकों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का किया तूफानी दौरा।

———————————————————————

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कल मतदान होगा। मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान केन्द्रों पर पोलिंग पार्टी के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस चरण में पटना, वैशाली, नालंदा, भोजपुर, मुंगेर, सारण, बेगूसराय, सीवान, गोपालगंज और मुजफ्फरपुर सहित अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे। मतदान सुबह सात बजे शुरू होगा और शाम छह बजे तक चलेगा। सिमरी–बख्तियारपुर, महिषी, मुंगेर और जमालपुर विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान का समय शाम पांच बजे तक निर्धारित है। इसके अलावा सूर्यगढ़ा विधानसभा क्षेत्र के छप्पन मतदान केन्द्रों पर भी अपराह्न पांच बजे तक ही वोट डाले जायेंगे।

———————————————————————

पहले चरण में एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सबसे अधिक बीस प्रत्याशी कुढ़नी और मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्रों से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, भोरे, अलौली और परबत्ता विधानसभा क्षेत्रों से सबसे कम पांच–पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भोरे विधानसभा क्षेत्र से प्रीति किन्नर ट्रांसजेंडर उम्मीदवार के रूप में पहली बार जन सुराज के टिकट पर चुनाव मैदान में है। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

बिहार विधान सभा चुनाव के पहले चरण में नीतीश कुमार सरकार के सोलह मंत्रियों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। इसमें से ग्यारह भाजपा कोटे के मंत्री हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा तारापुर तथा लखीसराय निर्वाचन क्षेत्रों से भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल के नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव लगातार तीसरी बार जीत के लिए वैशाली जिले के राघोपुर विधान सभा क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतरे हैं। तेजस्वी यादव के बड़े भाई, पूर्व मंत्री तेजप्रताप यादव, राष्ट्रीय जनता दल से निकाले जाने के बाद इस बार अपनी सीट बदलकर महुआ निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़े रहे हैं। वे अपनी खुद की पार्टी जनशक्ति जनता दल से प्रत्याशी हैं। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय सिवान विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं। वहीं, सात बार विधायक रहे और जदयू के प्रत्याशी श्रवण कुमार नालंदा निर्वाचन क्षेत्र से फिर से किस्मत आजमा रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी सहयोगी और छह बार विधायक रहे राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समस्तीपुर जिले के सरायरंजन विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। दो जाने माने कलाकार, लोक गायिका मैथिली ठाकुर दरभंगा के अलीपुर और भोजपुरी फिल्मों के जाने–माने अभिनेता तथा गायक शत्रुघन यादव उर्फ खेसारी लाल यादव सारण जिले के छपरा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से चुनावी मैदान में हैं।

धर्मेन्द्र कुमार राय के साथ सकलेन अख्तर आकाशवाणी समाचार पटना

———————————————————————————

हमारे संवाददाता ने बताया कि सभी सीटों पर मुख्य मुकाबला एनडीए और महागठबंधन उम्मीदवारों के बीच है। हालांकि कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले के भी आसार हैं।

———बाईट———

पहले चरण के चुनाव में एनडीए की ओर से सबसे अधिक 57 सीटों पर जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। वहीं, भाजपा 48 और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 14 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल के सबसे अधिक 73 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं जबकि कांग्रेस के 24 और सीपीआई माले के 14 प्रत्याशी पहले चरण में चुनावी मुकाबले में है। मुकेश सहनी के नेतृत्व वाले विकासशील इंसान पार्टी ने पांच प्रत्याशियों को टिकट दिए हैं। जबकि सीपीआई और सीपीएम 3–3 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं, जन स्वराज पार्टी ने 119 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

———————————————————————————

पहले चरण के चुनाव में पैंतालीस हजार तीन सौ इकतालीस पोलिंग बूथों पर तीन करोड़ पचहत्तर लाख तेरह हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकेंगे। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। पोलिंग बूथों पर केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल, बिहार पुलिस, बिहार सशस्त्र पुलिस बल और होमगार्ड जवानों की तैनाती की गयी है। विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी पैंतालीस हजार तीन सौ इकतालीस मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग की जाएगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मतदाताओं से निर्भीक होकर अपने मताधिकारी का प्रयोग करने की अपील की है।

———बाईट———

पहले चरण में नौ सौ छत्तीस पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा जबकि एक सौ सात पोलिंग बूथ दिव्यांग कर्मी द्वारा संचालित होंगे। तीन सौ बीस मतदान केन्द्रों को मॉडल

मतदान केन्द्र के रूप में विकसित किया गया है। मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, मोबाईल होल्डर, व्हील चेयर और रैम्प समेत आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने विधानसभा चुनाव को लेकर पटना में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है– शून्य छह एक दो–दो आठ दो चार शून्य शून्य एक। फैक्स नम्बर है– शून्य छह एक दो– दो दो एक पांच छह एक एक। लोग चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना इन नम्बरों पर दे सकते हैं। इसके अलावा ई–मेल आईडी– सीईओ बिहार एट द रेट जीमेल डॉट कॉम और सीईओ अंडर स्कोर बिहार एट द रेट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट आईएन पर भी सूचना दी जा सकती है। यह नियंत्रण कक्ष मतदान शुरू होने से लेकर मतदान समाप्त होने तक कार्यरत रहेगा।

———————————————————————

मतदाता वोटिंग के लिए मतदाता फोटो पहचान पत्र के अलावा बारह अन्य वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्रों में से किसी एक का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वैकल्पिक पहचान पत्रों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक, ड्राईविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड और पासपोर्ट समेत अन्य पहचान पत्र शामिल हैं।

———————————————————————

पहले चरण के चुनाव के दिन कल संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सभी सरकारी, सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में सवैतनिक अवकाश रहेगा। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

———————————————————————

दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ने लगा है। एनडीए और महागठबंधन के नेताओं और स्टार प्रचारकों ने कई विधानसभा क्षेत्रों का तूफानी दौरा किया। भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा ने नरकटियागंज और मधुबन विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि यह चुनाव बिहार के विकास को नई रफ्तार देने के लिए निर्णायक होगा।

———बाईट———

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने बांका, जमुई, सिकंदरा और गुरूआ विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है जबकि विपक्षी दलों के समक्ष विश्वास का संकट है।

———बाईट———

भाजपा नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वजीरगंज और सासाराम में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुये कांग्रेस और राजद के शासनकाल में बिहार में माफिया राज को संरक्षण देने का आरोप लगाया।

———बाइट———

जदयू अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कटिहार, अररिया, पूर्णियां और किशनगंज जिले के कई विधानसभा क्षेत्रो में चुनावी सभाओं को संबोधित किया। श्री कुमार ने कहा कि एनडीए की सरकार बनने पर एक करोड़ युवाओं को नौकरी–रोजगार दिया जाएगा।

———बाइट———

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने वाल्मीकिनगर और चनपटिया में चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए केंद्र और राज्य की एनडीए सरकार पर जमकर निशाना साधा। श्रीमती गांधी ने कहा कि नीतीश सरकार की चाभी अब केन्द्र के हाथों में चली गयी है।

———बाईट———

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर और सीतामढ़ी जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को संबोधित किय। श्री यादव ने कहा कि घोषणा पत्र में जो भी वायदे किये गए हैं, उसे पूरा किया जाएगा।

———बाईट———

इधर, समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जमुई में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि लोग एनडीए सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार से परेशान है।

———बाईट———

भाकपा माले के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने अरवल में महागठबंधन उम्मीदवार के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा कि यह चुनाव बिहार में बदलाव के लिए हो रहा है और लोगों ने परिवर्तन का मन बना लिया है। एआईएमआईएम के प्रमुख असददुद्दीन औवेसी ने अमौर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। श्री औवेसी ने राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर अल्पसंख्यकों की उपेक्षा का आरोप लगाया।

———बाईट———

इधर, वाम दल, जन शक्ति जनता दल, बहुजन समाज पार्टी और जन सुराज समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार चुनावी सभा कर रहे हैं।

———————————————————————

तारापुर विधानसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार आशीष आनन्द ने भाजपा उम्मीदवार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को समर्थन देने की घोषणा की है। इधर, विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पूर्व जनसुराज को एक बड़ा झटका लगा है। मुंगेर विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी संजय कुमार सिंह भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी राजेश कुमार झा ने उन्हें पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई। दूसरी तरफ पीरपैंती विधानसभा से भाजपा के निवर्तमान विधायक ललन कुमार राजद में शामिल हो गये हैं।

———————————————————————

आज कार्तिक पूर्णिमा है। इस अवसर पर गंगा सहित विभिन्न नदियों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। इधर, गुरू नानक जयंती पर पटना सिटी के तख्तश्री हरिमंदिर साहिब में भजन–कीर्तन, प्रवचन और अरदास का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अठारह जिलों की एक सौ इक्कीस विधानसभा सीटों पर मतदान कल। सुरक्षा के किये गये हैं व्यापक प्रबंध।

02 तीन करोड़ पहचहत्तर लाख से अधिक मतदाता एक सौ बाईस महिला समेत एक हजार तीन सौ चौदह उम्मीदवारों के राजनीतिक भाग्य का करेंगे फैसला।

03. पहले चरण के चुनाव में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत कई दिग्गजों की चुनावी किस्मत दांव पर।

04. और, दूसरे चरण के चुनाव के लिए प्रचार अभियान हुआ तेज। एनडीए और महागठबंधन के नेताओं और स्टार प्रचारकों ने विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का किया तूफानी दौरा।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।